लोहंडा संपन्न होने के साथ छठव्रती गये 36 घंटे के निर्जला उपवास पर

● आज देंगे अस्ताचलगामी और कल उदयगामी भाष्कर को अर्घ्य ● छठ पूजन सामग्री को लेकर बाजारों में श्रद्धालुओं की पूरे दिन रही भीड़





बिहारशरीफ। लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने पूरा दिन निर्जला उपवास करकर सूर्यास्त के बाद लोहंडा (खरना) का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ हीं छठव्रती अगले 36 घंटे के निर्जला उपवास पर चले गये। कल छठव्रती अस्ताचलगामी भाष्कर को संध्या अर्घ्य देंगे और सोमवार की सुबह उदयगामी भाष्कर के अर्घ्य के साथ व्रत का समापन होगा और तब छठव्रती अपना निर्जला उपवास तोड़ेंगे। लोहंडा के प्रसाद की छठव्रत में विशेष महत्ता होती है। जिनके घरों में छठ नहीं भी होता है वे अपने सगे-संबंधियों के घर जाकर देर शाम तक प्रसाद ग्रहण करते रहे। रात्रि तक बाजारों में लोगों की आवा. जाही लगी रही।

महंगाई का दिखा असर : इस बार छठ महापर्व पर आस्था के साथ महंगाई की भी बड़ी परीक्षा देखने को मिल रही है। बाजार में छठ पूजा की सामग्री खरीदने पहुंचे श्रद्धालुओं को बढ़े हुए दामों ने परेशान कर दिया है और आम लोगों का बजट बिगड़ता नजर आ रहा है। खरीदारी कर रहे श्रद्धालुओं ने बताया कि इस बार महंगाई चरम पर है। पहले जिस खचिया यानी बट्टा को 70 से 80 रुपये में खरीदते थे, उसकी कीमत अब 230 रुपये तक पहुंच गई है। वहीं 30 से 40 रुपये में मिलने वाला सूप अब 80 से 90 रुपये में बिक रहा है। हालांकि, इसके बावजूद छठ महापर्व हमारी आस्था का प्रतीक है और इसे पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

पूजा सामग्री के दुकानदारों ने बाजार के मौजूदा दामों की जानकारी देते हुए बताया कि खचिया यानी बट्टा 120 से 250 रुपये, सूप 70 से 90 रुपये, नारियल 35 से 50 रुपये, मिट्टी का चूल्हा करीब 120 रुपये, झंझाड़ 50 से 60 रुपये, सच्चा 40 से 50 रुपये और दउरा 250 से 450 रुपये तक बिक रहा है। इसी तरह मिट्टी के बर्तनों की दुकान चला रहे आयुष कुमार ने बताया कि उनके यहां मिट्टी का चूल्हा 120 से 150 रुपये, हड़िया 50 से 250 रुपये, मिट्टी का तवा 60 से 70 रुपये, परिया 10 से 40 रुपये, चुका 5 रुपये, कपटी 5 रुपये और दीया 1 से 15 रुपये तक के भाव पर बिक रहा है।

फल मंडी और बाजारों में खरीदारी की भीड़: रामचन्द्रपुर फल मंडी समेत पूरे जिले के बाजारों में छठ पूजा की खरीदारी को लेकर भारी भीड़ उमड़ी हुई है। सुबह से ही मंडी में फल और पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहा और महंगाई के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। छठ पूजा में गन्ना और केला समेत विभिन्न फलों का विशेष महत्व होने के कारण इनकी मांग काफी बढ़ गई है। बाजार में एक गन्ने की कीमत 25 रुपये तक रही, जबकि केले का एक घौद 600 रुपये तक बिका। इसके अलावा अन्य फलों की कीमतों में भी तेजी देखी गई, जिसके बावजूद लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी करते नजर आए। कुल मिलाकर नालंदा के बाजारों में छठ पूजा की खरीदारी को लेकर जहां एक तरफ रौनक देखते ही बन रही है और देर शाम तक बाजारों में चहल-पहल बनी हुई है।


खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा
सुविचार
आज का दिन फिर से आपके लिए एक नई शुरुआत है, इसका पूरी तरह से फायदा उठाएं।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com

टेंपो एवं ई-रिक्शा की टक्कर में चार जख्मी

बिहारशरीफ। रहुई थाना क्षेत्र के रहुई-सुपासंग मार्ग पर हवनपुरा मोड़ के समीप शनिवार को तेज रफ्तार मालवाहक टेंपो और ई-रिक्शा के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और उस पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि घटना के बाद टेंपो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायलों में तार बीघा गांव निवासी सीताराम बिंद और मोहद्दीनपुर गांव निवासी सीता देवी, राजवीर कुमार व पूजा कुमारी शामिल हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सीताराम बिंद और सीता देवी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया, जबकि अन्य दो घायलों का इलाज रहुई सीएचसी में जारी है, जिनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हवनपुरा मोड़ के तीखे घुमाव पर विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार टेंपो ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को कब्जे में लेते हुए फरार चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं।

शहर के विभिन्न छठ घाटों का डीएम ने लिया जायजा



बिहारशरीफ। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को पूरी तरह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नालंदा की जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने शहर तथा उसके आसपास के प्रमुख छठ घाटों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंतिम चरण की तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के सिलसिले में जिलाधिकारी सबसे पहले धनेश्वर घाट पहुंचीं। इसके पश्चात उन्होंने कोसुक नदी घाट और मोरा तालाब घाट का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष जायजा लिया। घाटों का निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पहुंचकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और घाटों की सीसीटीवी के माध्यम से हो रही लाइव मॉनिटरिंग का जायजा लिया। कंट्रोल रूम से पूरे शहर की स्थिति का आकलन करते हुए उन्होंने भीड़ नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण रणनीतियां बनाईं और वहां तैनात कर्मियों को पूरी सक्रियता एवं तत्परता के साथ काम करने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त सुश्री सारा अशरफ, नगर आयुक्त श्री कृत्यानंद रंजन, अपर समाहर्ता श्री राजीव रंजन सिन्हा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राजगीर जू सफारी में बेबी स्ट्रोलर सेवा शुरू

राजगीर (नालंदा) (आससे)। राजगीर जू सफारी में नन्हे पर्यटकों के साथ आने वाले अभिभावकों का भ्रमण अब पहले से अधिक आसान और आरामदायक होगा। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को जू सफारी प्रबंधन ने पर्यटकों की सुविधा के लिए 'बेबी स्ट्रोलर' सेवा की शुरुआत की है। इस नई व्यवस्था से छह महीने से तीन वर्ष तक के बच्चों को गोद में लेकर पूरी सफारी घूमने की परेशानी से अभिभावकों को राहत मिलेगी। जू सफारी निदेशक राम सुंदर एम ने बताया कि पर्यटकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके भ्रमण अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। पर्यटकों से प्राप्त सुझावों और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेबी स्ट्रोलर सेवा शुरू की गयी है। इस सुविधा का लाभ जू सफारी के टिकटधारक पर्यटक उठा सकेंगे। इसके लिए उन्हें अधिकतम चार घंटे के उपयोग पर 50 रुपये शुल्क देना होगा। साथ ही 500 रुपये की नकद सुरक्षा राशि जमा करनी होगी, जो स्ट्रोलर लौटाने पर वापस कर दी जाएगी। इससे छोटे बच्चों के साथ आने वाले परिवार बिना किसी अतिरिक्त परेशानी के सफारी का आनंद ले सकेंगे।

इसके अलावा जू सफारी के प्रवेश प्लाजा में छह महीने तक के शिशुओं के लिए प्ले-पेन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी है। इससे अभिभावकों को छोटे बच्चों के साथ भ्रमण के दौरान काफी सहूलियत मिलेगी। बाल दिवस पर शुरू की गई यह पहल जू सफारी में परिवार आधारित पर्यटन सुविधाओं को विस्तार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


फाईब्रोस्कैन
50% की छूट
लिवर की जाँच का आधुनिक और बेहतर तरीका
सीमित अवधि के लिए
बिना दर्द | तेज | सुरक्षित | सटीक परिणाम
यह एडवांस अल्ट्रासाउंड तकनीक लिवर में फाइब्रोसिस (Fibrosis) और फैट की मात्रा का सटीक आकलन करती है।
फाइब्रोस्कैन के फायदे
बिना चीर-फाड़ और बिना दर्द
तेज और आसान (5-10 मिनट में जाँच पूरी)
सुरक्षित (कोई जोखिम या साईड इफैक्ट नहीं)
सटीक और विश्वसनीय दुनिया भर में स्वीकृत तकनीक
तुरंत परिणाम (तुरंत रिपोर्ट जल्दी उपचार निर्णय में मदद)
लिवर को जानें, समय पर रोकें
सामान्य लिवर
सिरोसिस
DYNAMIC Super Speciality Liver And Gastro Centre
पटेल पथ, मजार गली, इन फ्रंट ऑफ पिलर नं. 76, राजा बाजार, पटना
अभी कॉल करें। 6206071186

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KARDUNA, JEHANABAD 804417

Purpose Course: MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/		BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी

Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304687359, 9334074905

ग्रामीण विकास मंत्री ने छठ घाटों सहित कई योजनाओं का किया लोकार्पण

छठव्रतियों की सुविधा सरकार की प्राथमिकता : श्रवण कुमार



बिहारशरीफ। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री और जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने छठ घाटों समेत अन्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। मंत्री ने नालंदा जिला के वेन प्रखंड के छकौड़ी बिगहा गांव और राजगीर नगर परिषद के हसनपुर सूर्य मंदिर तालाब छठ घाट में सीढ़ी निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार भी मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री कुमार ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की आत्मा है, व्रतियों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है। यह पर्व आस्था, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक है। छठ व्रतियों को हर सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने छठ घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए हैं, ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने कहा कि बड़गांव धाम समेत राज्य के सभी छठ घाटों को भव्य और स्वच्छ बनाया जा रहा है। सभी जिलों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि छठ के दौरान घाटों पर 24 घंटे सुरक्षा समेत सभी मूलभूत सुविधाओं बहाल की जाएं। छठी मैया से प्रार्थना है कि वे सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और बिहार में सुख, शांति समृद्धि प्रगति तरक्की का आशीर्वाद दें। व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इसे पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, लक्ष्मण प्रसाद, संतोष मुखिया, जीरो देवी, मनोज भैया, जयराम सिंह, मुन्ना कुमार, सुधीर कुमार, वेदनीधि, नीतीश ठाकुर, कौशल यादव, गोलू शर्मा, तारकेश्वर प्रसाद, अजय पासवान, सुनील पासवान, टुनटुन सिंह, जितेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, कुन्नू कुमार, डॉ मिथलेश, राजीव कुमार समेत अन्य स्थानीय जनप्रति. निधि,अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

औंगारीधाम में सूर्य महोत्सव का भव्य शुभारंभ

मंत्री, सांसद, विधायक तथा चैरिटेबुल ट्रस्ट के एमडी ने लिया हिस्सा



बिहारशरीफ। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नालंदा जिले के प्रसिद्ध ऐतिहासिक सूर्यपीठ औंगारी धाम में आस्था, संस्कृति और विकास का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्तिक छठव्रत मेला 2026 और कला-संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सूर्य महोत्सव का भव्य शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस मौके पर उमड़े जनसैलाब से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, इस्लामपुर विधायक रुहैल रंजन, हिलसा विधायक प्रेम मुखिया और एरिस्टो फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू सहित कई गणमान्य लोग और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

औंगारी धाम ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस मेले और सूर्य महोत्सव का विधिवत उद्घाटन करने के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य औंगारी धाम का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि इस बार छठव्रतियों के लिए विशेष रूप से बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जहाँ श्रद्धालु भगवान भास्कर की आराधना के साथ-साथ सूर्य महोत्सव में कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने भगवान सूर्य से देश, बिहार और नालंदा की सुख-समृद्धि की कामना की। आदर्श शौचालय का भी हुआ शुभारंभ : छठव्रतियों और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए एरिस्टो फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत एरिस्मा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा औंगारी धाम में एक आधुनिक आदर्श शौचालय का निर्माण कराया गया है। यह पहल कंपनी के संस्थापक एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय डॉ. महेंद्र प्रसाद उर्फ किंग महेंद्र की स्मृति में की गई है।


समर्पित सेवा के 31 वर्ष
तिरंगा
अगरबत्ती
देश की खुशबू
की
गेरुआ
आकर्षक हैंडल बैग में
प्रीमियम धूप
Sacred
सेकरेड
TIRANGA
Gerua
PREMIUM DHOOP
Symbol of Purity & Valor which represents the inner peace of devotion and courage to step the spiritual path
वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए सम्पर्क करें 6389 004433

केनरा बैंक Canara Bank
Syndicate
सोने की नीलामी सूचना

नीचे दिए गए विवरण वाले गोल्ड लोन खातों के तहत बैंक के पास गिरवी रखे गए गहनों की सार्वजनिक नीलामी, ऊपर बताई गई शाखा के परिसर में 30.11.2026 को प्रातः 03:00 बजे होगी।

क्र. सं.	शाखा का नाम	ऋण खाता संख्या	ऋण का नाम	सकल वजन एवं शुद्ध वजन	आरक्षित मूल्य (रु.)
1	दानापुर छावनी (17405)	180206526635	मनोज कुमार	15.90 ग्राम	रु. 2,09,000/-
2	पटना अनीसाबाद (02819)	164117797534	रंजीत कुमार राम	20.80 ग्राम	रु. 2,73,500/-
3	पटना राजा बाजार (02519)	164121312448	मेघा	63.88 ग्राम	रु. 8,40,000/-
4	पटना राजा बाजार (02519)	164109642570	नीरज कुमार	3.08 ग्राम	रु. 40,500/-

यह नीलामी इन शर्तों पर है: 1) यह "जो है जहाँ है" के आधार पर है। 2) नीलामी सूचना में बताया गया आरक्षित मूल्य, नीलामी की तारीख के बाजार मूल्य के आधार पर अलग हो सकता है। 3) सफल बोली लगाने वाले को पूरी बोली की रकम एक बार में चुकानी होगी एवं अपने पूरे जोखिम एवं जिम्मेदारी पर गहनों की डिलीवरी लेनी होगी, हरा मामले में बोली लगाने वाला किसी भी कारण से हमारे बैंक से कोई दावा नहीं कर सकेगा। 4) बैंक के पास यह अधिकार है कि वह वास्तव पहले पर खाते में गिरवी रखे गए रागी या किसी भी गहने की नीलामी करे, या बिना किसी पूर्व सूचना के एक अपनी मर्जी से किसी भी समय नीलामी रोक दे। 5) बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूरा अधिकार है। 6) बैंक के पास अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी चरण में नीलामी की बिक्री को भविष्य की किसी तारीख के लिए टालने/स्थगित करने का अधिकार है एवं कोई भी व्यक्ति इसके लिए किसी पूर्व सूचना या अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। 7) यदि सफल बोली लगाने वाला बोली की रकम का भुगतान नहीं करता है और/या ऐसा कुछ करता है जिससे नीलामी को टालने/स्थगित करने/नई नीलामी करने की जरूरत पड़ सकती है, तो वह अपनी उन गलतियों के कारण हुए नुकसान (यदि कोई हो) की भरपाई करने के लिए बैंक के प्रति जवाबदेह होगा, जो नीलामी को पूरा करने में बाधा बनती हैं। 8) यदि नीलामी विफल हो जाती है, तो बैंक पुनः अखबार में प्रकाशित करेगा एवं इस अखबार की सूचना में बताई गई नीलामी की तारीख के बाद किसी भी तारीख को नीलामी आयोजित करेगा।

नोट :- सफल बोली लगाने वाले को नीलामी के अगले कामकाजी दिन तक पूरा पेमेंट कर देना चाहिए। ऐसा न करने पर, बोली रद्द कर दी जाएगी एवं EMD की रकम जब्त कर ली जाएगी।

दिनांक: 15.11.2026 बाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी


संदेश
छठ पर्व लोक आस्था एवं जन-संस्कृति का एक महापर्व है। भगवान सूर्य की उपासना का यह अनुष्ठान सुख-समृद्धि एवं मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए अपार श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है।
सभी बिहारवासियों से मेरी अपील है कि वे इस पावन पर्व को साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएँ।
मेरी शुभकामना है कि यह त्योहार बिहारवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और परस्पर सौहार्द्र का नया सवेरा लेकर आए।
छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।
सम्राट चौधरी
मुख्यमंत्री, बिहार